
# मुंबई-आगरा फोरलेन पर दो ट्रकों में लगी भीषण आग

- एक किमी तक दिखीं लपटें और धुएं का गुबार
- एक ट्रक में भरा था केमिकल, दोनों ओर थमा यातायात

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सोमवार सुबह मुंबई-आगरा फोरलेन पर सड़क किनारे खड़े दो ट्रकों में अचानक आग भड़क उठी. आग की लपटें और काले धुएं का गुबार इतनी दूर तक फैल गया कि करीब एक किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था. देखते ही देखते सड़क पर लंबा जाम लग गया और दोनों ओर का यातायात पूरी तरह बाधित हो गया.**





मानपुर थाना प्रभारी लोकेंद्र हीहोर ने बताया कि घटना मानपुर क्षेत्र की है, जहां फोरलेन पर खड़े एक ट्रक में पहले आग लगी और कुछ ही देर में पीछे खड़ा दूसरा ट्रक भी उसकी चपेट में आ गया. आग की सूचना मिलते ही मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया था. सूचना मिलते ही पुलिसदल मौके पर पहुंचा और राहगीरों व आसपास मौजूद लोगों ने शुरुआत में आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई. ट्रक चालक राकेश ने पुलिस को बताया कि वह मुंबई के भिवंडी इलाके से इंदौर के लिए केमिकल से भरे डिब्बे लेकर निकला था. मानपुर में उसने चाय पीने के लिए वाहन खड़ा किया था. कुछ देर बाद ढाबे के एक कर्मचारी ने आकर बताया कि ट्रक में आग लग गई है. बाहर पहुंचने तक आग विकराल रूप ले चुकी थी.


> **एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया जा सका काबू**
>
> चालक के मुताबिक, वह एक दिन पहले ही माल भरकर रवाना हुआ था. मानपुर और महू से पहुंची फायर ब्रिगेड ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. इस दौरान पुलिस ने जाम में फंसे वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल करवाया. आग की चपेट में एक के बाद एक दोनों ट्रक आ गए, जिससे नुकसान काफी अधिक हुआ है. फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है.

# शहर में एक ही रात तीन जगह भड़की आग, लाखों का नुकसान

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में देर रात आग की घटनाओं ने अफरा तफरी मचा दी. तीन अलग-अलग इलाकों में लगी आग से कहीं ऑफिस का पूरा सेटअप जल गया तो कहीं घर की गृहस्थी राख हो गई. राहत की बात यह रही कि सभी घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है.**

फायर ब्रिग्रेड से मिली जानकारी के अनुसार रात करीब एक बजे जंजीरवाला चौराहा स्थित डायमंड कॉलोनी की एक बिल्डिंग में अचानक आग भड़क उठी. आग ओके टेक्सटाइल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के ऑफिस में लगी, जिसने देखते ही देखते पूरे कार्यालय को अपनी चपेट में ले लिया. दमकल विभाग की टीम



मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. इस हादसे में कार्यालय में रखे कंप्यूटर, प्रिंटर, लैपटॉप, फर्नीचर सहित अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई.

> आग से लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है. इसी तरह देर रात जीएनटी मार्केट क्षेत्र में बनी एक झोपड़ी में भी आग लग गई. आग इतनी तेज थी कि झोपड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गई. घटना के समय झोपड़ी में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया. तीसरी घटना अन्नपूर्णा रोड क्षेत्र की है, जहां एक बिल्डिंग में स्थित एक फ्लैट में आग लगने से घर का सामान जल गया. फ्लैट में रखी गृहस्थी आग की चपेट में आ गई. सूचना मिलने पर दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. तीनों ही मामलों में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है. प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है.

# प्रशासनिक देरी पर जनता का फूटा गुस्सा

- उद्घाटन टलने से भड़के क्षेत्रवासी
- वर्षों से अटके अंडरपास को आखिर जनता ने ही खोल दिया
- जनता को राहत देने वाला प्रोजेक्ट तैयार होने के बाद भी था बंद

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** सिंगापुर टाउनशिप क्षेत्र में बना अंडरपास वर्षों की देरी और बार-बार टलते उद्घाटन के बाद आखिरकार जनता ने ही खोल दिया. क्षेत्र की यातायात व्यवस्था के लिए बेहद अहम माने जा रहे इस अंडरपास का निर्माण तय समय सीमा में पूरा किया जाना था, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता और अनावश्यक विलंब के चलते यह परियोजना लंबे समय तक अधर में लटकी रही.



इसके बाद निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद अंडरपास को जनता के लिए नहीं खोला था. हाल ही में मंत्री द्वारा 12 तारीख को उद्घाटन की घोषणा की गई थी, जिससे लोगों को राहत की उम्मीद बंधी, लेकिन बाद में उद्घाटन की तिथि बढ़ाकर 20 तारीख कर दिए जाने से क्षेत्रवासियों में नाराजगी और आक्रोश फैल गया. अंडरपास बंद रहने के कारण प्रतिदिन हजारों वाहन चालकों और राहगीरों को भारी ट्रैफिक जाम, लंबे वैकल्पिक मार्ग, समय और ईंधन की बर्बादी के साथ मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही थी.

> **प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर खड़े हुए सवाल**
>
> बार-बार शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं होने से आक्रोशित नागरिकों ने आखिरकार अंडरपास पर लगाए गए बैरिकेड्स हटाकर उसे स्वयं जनता के लिए खोल दिया. इस घटनाक्रम ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं. जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेवाल और सूचना अधिकार प्रकोष्ठ के गिरीश जोशी ने पूरे मामले की निंदा करते हुए कहा कि जब जनता की मूलभूत समस्याओं को नजरअंदाज किया जाता है, तो नागरिकों को मजबूरी में ऐसे कदम उठाने पड़ते हैं. नेताओं ने मांग की है कि भविष्य में विकास कार्यों को समय सीमा में पूरा कर बिना देरी जनता को समर्पित किया जाए, ताकि ऐसी स्थिति दोबारा न बने.

# गोलीकांड : ईगो बना वारदात की वजह, सामने आया उज्जैन कनेक्शन

- पार्किंग विवाद के बाद रची गई साजिश, हमलावर अब भी फरार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. भूतनाथ मंदिर परिसर में हुई फायरिंग की घटना को लेकर जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, नए खुलासे सामने आ रहे हैं. पुलिस जांच में अब इस वारदात का उज्जैन कनेक्शन सामने आया है. शुरुआती पड़ताल में मामला अचानक हुए विवाद से जुड़ा पाया है, जिसे हमलावरों ने ईगो का मुद्दा बनाकर गोली चलाने तक पहुंचा दिया.**

राऊ थाना क्षेत्र के रंगवासा निवासी विनय पिता रामचंद्र पाटीदार पर तीन दिन पहले भूतनाथ मंदिर की पार्किंग में गोली चलाई गई थी. गनीमत रही कि गोली सीधे शरीर में न लगकर जेब में रखे मोबाइल फोन से टकरा गई, जिससे उसकी जान बच गई. घटना में विनय को मामूली चोट आई थी. पुलिस जांच में सामने आया है कि घटना से एक दिन पहले भूतनाथ मंदिर की पार्किंग के पास स्थित मां उमिया पैलेस कॉलोनी में एक बुजुर्ग व्यक्ति ड्राइवर के साथ आर्टिगा कार से अपने रिश्तेदार के यहां आया था. कॉलोनी में पहुंचने का रास्ता मंदिर की पार्किंग से होकर जाता है. इसी दौरान पार्किंग में मौजूद लड़कों ने कार रोककर आने-जाने को लेकर सवाल किए, जिस पर कार सवार बुजुर्ग और ड्राइवर के साथ विवाद हो गया.

> **मामूली टकराव बना अपमान का मुद्दा**
>
> बताया गया कि विवाद के बाद दोनों वहां से रिश्तेदार के घर चले गए थे. बाद में पार्किंग का मैनेजमेंट देखने वाले विनय को इस विवाद की जानकारी दी गई. इसके बाद विनय ने उसी बात को लेकर दोबारा कार सवारों से बातचीत की, जो देखते ही देखते तीखे विवाद में बदल गई. पुलिस को आशंका है कि इसी टकराव को आरोपियों ने अपमान का मुद्दा बनाते हुए बदले की भावना में गोलीकांड को अंजाम दिया. जांच के दौरान पुलिस ने मां उमिया पैलेस कॉलोनी में उस परिवार से भी पूछताछ की, जिनके घर कार सवार बुजुर्ग और ड्राइवर ठहरे थे. पहचान सामने आने के बाद पुलिस की एक टीम उज्जैन रवाना की गई, लेकिन संदिग्ध वहां नहीं मिले. मामले में पुलिस का कहना है कि हमलावरों की तलाश के लिए उज्जैन सहित आसपास के इलाकों में दबिश दी जा रही है. इधर, पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि गोली चलाने वाले दोनों आरोपी नकाबपोश थे और उनकी उम्र करीब 30 से 35 साल के बीच बताई जा रही है. फिलहाल, आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की कार्रवाई जारी है.


### एक नजर में

## बालाजी स्ट्राइकर और चिराग यूनाइटेड अगले दौर में



**महू.** विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत सांसद फुटबॉल कप प्रतियोगिता में दूसरे दिन सोमवार को दो शानदार मुकाबले खेले गए. प्रतियोगिता प्रभारी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि स्पर्धा का पहला मुकाबला बालाजी स्ट्राइकर फुटबॉल क्लब महू और यूथ स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एकेडमी फुटबॉल क्लब महू के मध्य खेला गया, जिसमें बालाजी स्ट्राइकर ने 3-0 से मुकाबला जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया. प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला रसलपुरा फुटबॉल क्लब महू और चिराग यूनाइटेड फुटबॉल क्लब महू के मध्य खेला गया. कशमकश भरे इस मुकाबले का निर्णय पेनल्टी शूट आउट से हुआ, जिसमें चिराग यूनाइटेड 5-4 से विजयी रही. प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व नगर महामंत्री राजेश वर्मा एवं प्रख्यात फुटबॉलर ओपी बाथम, रूपचंद बड़ोनिया मौजूद थे. अतिथियों का स्वागत इंदौर जिला फुटबॉल संघ के चेयरमैन जगदीशचंद खोड़े, कन्वीनर अशोक पिल्ले, नीरज शर्मा, प्रवीण कांबले, अमित शुक्ला, शुभम् दीवार एवं विनोद मुकाती ने किया.

## महाराष्ट्र समाज ने हर्षोल्लास से मनाया शताब्दी समारोह



**महू.** नगर की अग्रणी संस्था महाराष्ट्र समाज ने अपना शताब्दी समारोह हर्षोल्लास से मनाया. अध्यक्षता संस्था के पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण रत्नपारखे, इंदौर ने की. इस अवसर पर समाज के पूर्व अध्यक्ष बालासाहेब रत्नपारखे, अविनाश जवखेड़कर, अशोक धोड़पकर, चिंतामन कुलकर्णी, शरद जोशी, अशोक डांगे, रविन्द्र घारे, प्रशांत तलेगावकर का सत्कार शॉल व श्रीफल देकर किया गया. साथ ही अक्षय जांभाळकर, निलेश राजापुरकर, नेहा जवखेड़कर को भी श्रीफल देकर सम्मानित किया गया. संचालन मुख्य सचिव स्मिता तळेगांवकर और सह सचिव मीता जोशी ने किया. सर्वप्रथम स्वागत गीत नेहा जवखेड़कर, नंदकुमार जवखेड़कर और रुद्र ने प्रस्तुत किया. शरद जोशी ने समाज के सौ साल का इतिहास प्रस्तुत किया. इस अवसर पर नंदिनी कुलकर्णी, डॉ. सोनाली शिवडेकर, डॉ. श्रीकांत शिवडेकर, अविनाश और नंदकुमार जवखेड़कर, साधना परांजपे ने अपने विचार प्रस्तुत किए. अंत में समाज की अध्यक्षा सीमा भावे ने आभार व्यक्त किया.

# सौतेले पिता की घिनौनी हरकत छुपकर बनाता था वीडियो

- पकड़े जाने पर दी धमकी, आरोपी गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** घर की चारदीवारी में भरोसे के रिश्ते को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है. एक युवती ने थाने पहुंचकर बताया कि उसके साथ रहने वाला उसका सौतेला पिता लंबे समय से उसकी निजता पर नजर रख रहा था और छुपकर आपत्तिजनक गतिविधियां कर रहा था. जब इस हरकत का खुलासा हुआ तो पीड़िता को धमकाया, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा.

मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है. यहां रहने वाली एक युवती ने पुलिस को बताया कि वह अपनी मां और सौतेले पिता के साथ रहती है. कुछ दिनों से उसे शक हो रहा था कि घर के भीतर कुछ गड़बड़ है. बाद में उसे पता चला कि उसका सौतेला पिता विश्वपाल रोजाना उसके पलंग के नीचे छुपकर बैठता था और जब वह कमरे में नहाती थी, तब उसके फोटो और रील बनाता था. युवती ने जब एक दिन उसे रंगे हाथों पकड़ लिया, तो आरोपी ने डराने धमकाने की कोशिश की. इस घटना से घबराई युवती ने पूरी बात अपनी मां को बताई. इसके बाद मां बेटी दोनों बाणगंगा थाने पहुंचे और पूरे मामले की शिकायत दर्ज करवाई. शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया. पुलिस का कहना है कि मामले की जांच और आरोपी से पूछताछ की जा रही है.

## ड्रोन पेट्रोलिंग से छिपे शराबखोरों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**इंदौर.** शहर में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस अब तकनीक का सहारा ले रही है. नई व्यवस्था के तहत ड्रोन पेट्रोलिंग शुरू की गई है, जिससे न केवल आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, बल्कि छिपकर और खुले में शराबखोरी करने वालों की भी पहचान हो रही है. इस पहल के बाद कई क्षेत्रों में कार्रवाई तेज हुई है. पुलिस उपायुक्त जोन 2 कुमार प्रतीक ने बताया कि ड्रोन के जरिए की जा रही निगरानी में ऐसे कई लोग सामने आए हैं, जो खुले स्थानों, सुनसान इलाकों या फिर मकानों की छतों पर बैठकर शराब पीते पाए गए. ड्रोन पेट्रोलिंग के चलते विजय नगर, लसूड़िया, कनाड़िया सहित उन इलाकों में कार्रवाई की गई, जहां छुपकर शराबखोरी की शिकायतें लगातार मिल रही थीं. चिन्हित किए गए कई लोगों को मौके पर ही पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई.

# राजेन्द्र नगर में 28 वर्षीय महिला ने फांसी लगाई

- पति की नींद खुलने पर सामने आया मामला

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सोमवार सुबह राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना सामने आई. सुबह नींद खुलने पर परिजन ने कमरे में महिला को फंदे पर लटका देखा. आनन-फानन में उसे नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी गई. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजकर जांच शुरु कर दी है.**



थाना प्रभारी नीरज बिरथरे ने बताया कि घटना बिजलपुर क्षेत्र स्थित एबीसीडी बिल्डिंग की है. यहां रहने वाली 28 वर्षीय लक्ष्मी ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतका के पति ब्रजमोहन ने पुलिस को बताया कि रात में पत्नी उसके पास ही सो रही थी. सुबह करीब पांच बजे जब उसकी नींद खुली, तो उसने पत्नी को फंदे पर लटका हुआ पाया. घटना के समय दोनों बच्चे भी कमरे में ही सो रहे थे. और एक दिन पहले ही अपने पैतृक गांव राजगढ़ ब्यावरा से लौटे है. मामले में थाना प्रभार का कहना है कि फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं. यह भी सामने नहीं आया है कि घटना से पहले दंपति के बीच किसी तरह का विवाद हुआ था या नहीं. मामले की जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं.

# घर से गहने-नकदी लेकर प्रेमी संग रहने लगी विवाहिता

- शादी का झांसा देकर करता रहा शोषण
- रकम खत्म होते ही मारपीट कर ट्रेन में बैठाया

नव भारत न्यूज

**इंदौर. रिश्तों में भरोसा तोड़ने की एक और कहानी पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हुई है. पति से अलग होकर नए जीवन का सपना देखने वाली एक विवाहिता को उसी व्यक्ति ने धोखा दे दिया, जिस पर उसने अपने पति को धोखा देकर सबसे ज्यादा विश्वास किया था. मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.**

दरअसल, इंदौर के चंदन नगर में रहने वाली एक 23 वर्षीय शादीशुदा महिला ने अपने प्रेमी के खिलाफ बलात्कार, मारपीट और सिगरेट से दागने के गंभीर आरोप लगाए हैं.

पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उसकी जान-पहचान एक युवक एकांश उर्फ तरुण पिता जितेंद्र लुनियार, निवासी आशियाना पैलेस से थी. वह उसके पति का दोस्त था और पहले पड़ोस में ही रहता था. उससे बातचीत होती रहती थी. इसी बातचीत के दौरान युवक ने एक-दो बार उससे कहा कि वह उससे बेहद प्यार करता है और शादी करना चाहता है. उसने भरोसा देकर प्रेमजाल में फंसा लिया. इसी भरोसे के सहारे आरोपी ने उसे फरवरी 2025 में अपने घर बुलाया और रेप किया. इस तरह जब भी उसका पति काम पर जाता, वह उसे अपने कमरे पर बुला लेता और रेप करता रहा.

> **घर से दो लाख रुपए और गहने लेकर प्रेमी के साथ भाग गई थी महिला**
>
> महिला का आरोप है कि 26 अप्रैल 2025 को युवक ने उसे बहला फुसलाकर अपने साथ चलने के लिए तैयार कर लिया. इस दौरान वह अपने घर से करीब दो लाख रुपए नकद और सोने-चांदी के जेवर लेकर युवक के साथ चली गई. आरोपी उसे पहले पीथमपुर ले गया, जहां किराए पर कमरा लेकर दोनों रहने लगे. कुछ समय बाद वह उसे सावरिया सेठ (राजस्थान) और फिर सीहोर ले जाकर रहने लगा. इस दौरान आरोपी ने कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसके सारे जेवर व नकदी खर्च कर दिए.

> **रुपए खत्म हुए तो महिला को ट्रेन में बैठाया**
>
> पीड़िता के अनुसार, जैसे ही नकदी खत्म हुई, युवक का व्यवहार बदल गया और वह महिला के साथ मारपीट करने लगा. जब पीड़िता ने आरोपी से अपने बच्चों के पास जाने की बात कही तो उसने कहा कि यदि शादी करनी है तो अकेले रहना पड़ेगा. विरोध करने पर वह मारपीट करने लगा. उसने एक-दो बार पीड़िता को सिगरेट से दागा और धमकी दी कि यदि वह घर जाने की जिद करेगी तो उसे जान से मार देगा. पीड़िता डर के साए में रहने लगी. पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया कि एक दिन युवक ने उसे सीहोर से इंदौर की ट्रेन में बैठा दिया और खुद वहां से चला गया. इंदौर पहुंचकर महिला ने चंदन नगर थाने जाकर अपने साथ हुई धोखाधड़ी को लेकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है.

## ग्रीन फील्ड कॉरिडोर के खिलाफ किसानों की बाइक रैली कल

**इंदौर.** प्रदेश में विभिन्न विकास परियोजनाओं से प्रभावित किसानों का विरोध अब संगठित रूप लेने लगा है. ग्रीन फील्ड कॉरिडोर संघर्ष समिति बुधवार को विशाल मोटरसाइकिल रैली निकालकर अपनी ताकत का प्रदर्शन करेगी. किसान नेता हंसराज मंडलोई ने बताया कि ग्रीन फील्ड कॉरिडोर के साथ-साथ इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन, आउटर रिंग रोड सहित अन्य प्रोजेक्टों से प्रभावित किसान भी इस रैली में शामिल होंगे. उनका कहना है कि जहां भी किसान संकट में होगा, वहां वे पूरी मजबूती से साथ खड़े रहेंगे. हाल ही में रेलवे लाइन और आउटर रिंग रोड से प्रभावित किसानों द्वारा निकाली गई ट्रैक्टर रैली के बाद अब मोटरसाइकिल रैली की तैयारी तेज कर दी गई है. किसान संघर्ष समिति का दावा है कि जिलेभर के प्रभावित किसानों को एक मंच पर लाने की कोशिश जारी है और बुधवार की रैली में बड़ी संख्या में किसान भाग लेकर आंदोलन को मजबूत करेंगे.


नव भारत

आवश्यकता है

देश के कई राज्यों से प्रकाशित हिंदी दैनिक नवभारत पत्र समूह के इन्दौर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार रहेगा।

**रिपोर्टर**
कम से कम दो वर्ष के अनुभवी और पत्रकारिता तथा जनसंचार में उपाधि वालों को प्राथमिकता

**उपसंपादक**
इसी क्षेत्र में कम से कम 5 वर्षीय अनुभवी को प्राथमिकता

**मार्केटिंग एक्जीक्युटिव**
इसी क्षेत्र में कम से कम 2 से 3 वर्षीय अनुभवी को प्राथमिकता

**डीटीपी कम्प्यूटर ऑपरेटर**
कम से कम 5 वर्षीय अनुभवी को प्राथमिकता।

: संपर्क करें :
नवभारत - एच.आर डिपार्टमेंट, 6/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, इन्दौर
+91 98261 60997 | E-mail : navindoremp@gmail.com


**समस्या** कभी दो-तीन दिन तो कभी पांच-छह दिन बाद आता है टैंकर, दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हैं वार्ड 38 के रहवासी

# सड़क चौड़ी करने के लिए नर्मदा पाइप लाइन ही कर दी बंद



**इंदौर.** अक्सर देखने में आया है कि जब भी शहर में कोई विकास कार्य आरंभ होते हैं, आम जनता की मुसीबतें बढ़ जाती हैं. जबकि नगर निगम द्वारा आम जनता की सुविधाओं के लिए विकास कार्य के दौरान विकल्प देना चाहिए. खजराना क्षेत्र में कई वार्ड लगते हैं, जिनमें वार्ड 38 भी मौजूद है. इसी वार्ड के सिकंदराबाद कॉलोनी से एक मामला सामने आया है. वार्ड में पहुंचते ही देखने में आया है कि घरों के बाहर पानी की केन, कुप्पी व अन्य बर्तन रखे हुए हैं और लोग पानी के टैंकर का इंतजार कर रहे हैं.

पूछने पर मालूम हुआ कि वार्ड के मुख्य रोड पर सड़क चौड़ीकरण कार्य प्रगति पर है और इस कार्य के दौरान नर्मदा लाइन काट दी गई है, जिसके कारण कई क्षेत्रों में पानी की सप्लाई ठप हो चुकी है. वहीं, सिकंदराबाद कॉलोनी में भी पिछले एक महीने से नलों में पानी नहीं आ रहा है, जिसके चलते क्षेत्र में पानी की किल्लत बढ़ चुकी है और लोग परेशान हैं. पानी जैसी अपनी मूलभूत जरूरत को पूरा करने के लिए दूसरे क्षेत्रों में दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है. हालांकि, क्षेत्र में नगर निगम द्वारा पानी का टैंकर तो पहुंच रहा है, लेकिन छोटा टैंकर होने के कारण लोगों की पानी की पूर्ति नहीं हो पाती. इतना ही नहीं, एक टैंकर दो-तीन दिन छोड़कर पहुंच रहा है. इससे लोगों को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है.

## यह बोले रहवासी...



क्षेत्र में पानी की किल्लत बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है. टैंकर वाले भी घपला कर रहे हैं. कहते हैं कि निजी टैंकर है, पार्षद को फोन लगाने पर पता चलता है कि वह सरकारी है.

**- चांद बी**



पानी की परेशानी उठाते हुए लोगों को महीना होने को आ गया है. अब जब तक काम खत्म नहीं होता, सभी लोगों को पानी को लेकर परेशानी उठानी पड़ेगी. लोगों की सुविधाओं के लिए निगम को दूसरा उपाय करना चाहिए.

**- आमना बी**



पानी के लिए यहां-वहां भटकना पड़ता है. टैंकर वाले को फोन लगाओ तो चार से पांच दिन में आता है, जिससे पूरे बर्तन ही नहीं भर पाते हैं, ऐसे में पानी की पूर्ति नहीं हो पाती.

**- शाहीन बी**

**जल्द ही शुरू कर दी जाएगी पानी सप्लाई**-पानी की ट्रंक लाइन



बार-बार धंसने से पानी की सप्लाई कई क्षेत्रों में बंद है. अधिकारियों से बात की गई है, उन्होंने लाइन सीमेंट कंक्रीट से निर्माण की है, जल्द ही पानी सप्लाई शुरू कर दी जाएगी.

**- उस्मान पटेल, पार्षद**